प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रदेश की 14 संसदीय सीटों और गांडेय उपचुनाव के लिए कल सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, सुरक्षा के किए गए व्यापक इंतजाम।
- दो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी और इंडी गठबंधन के नेता कालीचरण मुंडा, विजय हांसदा, सुखदेव भगत समेत 244 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का होगा फैसला
- टेंडर कमीशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ,ईडी आज फिर आईएएस मनीष रंजन से पूछताछ करेगी ।
- मौसम विभाग ने आज राज्य में आंधी बारिश और वज्रपात को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

*************

प्रदेश की चौदह लोकसभा सीटों और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कल सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु होगी। मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी और इंडी गठबंधन के नेता कालीचरण मुंडा, विजय हांसदा, सुखदेव भगत समेत 244 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का कल फैसला होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि सभी 14 केंद्रों पर मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। नियमित अंतराल पर हर राउंड के नतीजे की घोषणा होती रहेगी। रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि संभावना है कि शाम चार बजे तक मतगणना पूरी हो जाएगी। नतीजे ऑनलाइन भी देखे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे चुनाव के दौरान तीन पुलिसकर्मी, 2 ड्राइवर और एक चुनावकर्मी की अलग–अलग कारणों से मौत हुई है। सभी के परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 135 करोड़, 29 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

*************

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतगणना रूझान और परिणाम, आयोग की वेबसाइट रिजल्ट्स डॉट इसीआई डॉ गॉव डॉट इन तथा वोटर हेल्पलाइन एप पर उपलब्ध रहेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर या एप्पल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

*************

2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार 2024 के चुनाव में झारखंड के 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से 8 में अधिक मतदान हुआ है। जिन छह संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 की तुलना में कम मतदान हुआ है, वह सभी बिहार राज्य की सीमा से जुड़े क्षेत्र हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदान से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया किं 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत पड़ने वाले 68 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया है। सिर्फ 13 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं से अधिक पुरुषों ने मतदान किया है। उन्होनें बताया कि 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से 12 में महिलाओं ने अधिक मतदान किया है सिर्फ रांची और जमशेदपुर में पुरुष वोटरों ने महिलाओं से अधिक वोट डाले हैं

*************

रांची लोकसभा सीट के लिए कृषि बाजार समिति पंडरा में मतगणना को लेकर कल कुछ इलाकों में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मंगलवार को पिस्का मोड़ से तिलता चौक तक तिपहिया वाहन और सभी तरह के व्यावसायिक वाहनों के दोपहर दो से रात आठ बजे तक प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी ने आदेश जारी किया है। शहर के अन्य इलाकों में यातायात सामान्य रहेगा, लेकिन जरूरत के अनुसार उसमें बदलाव किया जा सकेगा।

*************

गोड्डा में लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद अर्द्धसैनिक बल के जवानों और अधिकारियों को गोड्डा पुलिस की ओर से ससम्मान विदाई दी गयी। गोड्डा जिले में अर्ध सैनिक बलों की उपस्थिति के कारण कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। वहीं कल मतगणना का काम संपन्न होगा।

*************

चतरा लोक सभा  के लिए कल होने वाली मतगणना से पहले आज स्थानीय चतरा महाविद्यालय में बनाए गए मतगणना केंद्र पर ड्राई रन का आयोजन होगा।

*************

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि जमशेदपुर में झारखंड सरकार के बिल्डिंग बायलॉज का घोर उल्लंघन हो रहा है। बिष्टुपुर स्थित अपने आवास में आयोजित संवाददाता सम्मेलन मे उन्होंने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट ने नक्शा विचलन कर निर्माण हुए भवनों के अवैध भाग को तोड़ने का स्पष्ट निर्देश दिया है, लेकिन इस निर्देश का अनुपालन जिला प्रशासन द्वारा और जमशेदपुर अक्षेस द्वारा पक्षपातपूर्ण तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ अवैध निर्माणों को अंशिक रूप से ध्वस्त कर उच्च न्यायालय में गलत प्रतिवेदन सौंपा जा रहा है।

*************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*************

राज्य में टेंडर कमीशन घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आज फिर आईएएस मनीष रंजन से पूछताछ करेगी। इससे पहले 28 मई को ईडी ने आठ घंटे तक पूछताछ की थी।

*************

पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में एक आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होने बताया कि अन्य की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

*************

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई और डेटा विज्ञान के क्षेत्रों में अल्पकालिक पाठ्यक्रम शुरू कर रही है। इसमें गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों के तहत कोर इंजीनियरिंग संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित किया जाएगा। तमिलनाडु के कॉलेजों में इस वर्ष एआई और डेटा साइंस दूसरा सबसे अधिक मांग वाला पाठयक्रम है। बाजार में बढती मांग को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस एनालिटिक्स पर अधिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

*************

राज्य के राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स की दरों में वृद्धि कर दी गयी है। इसके तहत राज्य में पड़ने वाले 16 टॉल प्लाजा की टैक्स दरों में 10 से 25 रुपये तक की वृद्धि हुई है। नई दरें रविवार रात 12 बजे से प्रभावी हो गई हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई के अनुसार अब एनएच 33 के ओरमांझी टोल प्लाजा से गुजरने वाले कार, जीप, वैन और हलके वाहनों को सिंगल जर्नी पर 125 रुपये देने होंगे। वहीं, उसी दिन वापस लौटने पर 190 रुपये का चार्ज लगेगा। इसी तरह से व्यावसायिक वाहनों के लिए भी दरें बढ़ा दी गयी हैं।

*************

मौसम विभाग नेराज्य के कई हिस्सों में आज आंधी के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र रांची ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं कल से 7 जून तक के लिए हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट किया है ।

*************

लंदन में FIH प्रो लीग 2023–24 के मैच में भारत की पुरुष हॉकी टीम ब्रिटेन से 3–1 से पराजित हो गई। हार के बावजूद भारत एफआईएच प्रो लीग अंक तालिका में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के बाद तीसरे स्थान पर है। प्रो लीग में शनिवार को भारत का सामना विश्व चैंपियन जर्मनी से होगा।

*************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

लोकसभा चुनाव के मतों की गिनती कल, इस खबर को राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने अपनी सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है– झारखंड में कल सुबह आठ बजे से मतगणना, साढ़े नौ बजे से रुझान।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – मतगणना को लेकर कल दोपहर 2 से रात 8 बजे तक पिस्का मोड़ से तिलता चौक तक व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश बंद।

दैनिक जागरण लिखता है– आज से महंगा हो जाएगा राष्ट्रीय राजमार्ग का सफर।

लोकसभा चुनावः झारखंड के सभी 14 संसदीय क्षेत्र में 66 दशमलव एक नौ फीसदी मतदान, 12 सीटोंपर महिलाओं का रहा दबदबा, शीर्षक के साथ हिंदुस्तान ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने मतगणना से संबंधित खबर को प्रमुखता दी है। लिखा है–कल सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतों की गिनती।

सरेंडर के बाद अरविंद केजरीवाल फिर पहुंचे तिहाड़, अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*************